**Need to conduct National Skill Census for better employment of the youths for national growth**

श्री नवीन जिंदल **(**कुरुक्षेत्र**) :** महोदया, धन्यवाद ।

इकोनॉमिक सर्वे वर्ष 2023-24 के अनुसार भारत की 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम उम्र की है, परन्तु इनमें से अधिकांश के पास आज की डिजिटल और तकनीकी अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक कौशल नहीं है । हमारी सबसे बड़ी चुनौती स्किल मिसमैच है यानी नौकरी है, पर सही कौशल नहीं है । आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण हमें जरूरत है कि हमारे युवाओं का स्किल डेवलपमेंट भी मिशन मोड पर हो । आज जरूरत है कि हम सप्लाई ड्रिवेन स्किलिंग मॉडल की बजाय डिमांड ड्रिवेन स्किलिंग मॉडल की तरफ जाएं । जब तक हमें सही आंकड़े नहीं मिलते हैं, तब तक न नीति बनेगी, न समाधान मिलेगा ।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह है कि देश भर में राष्ट्रीय कौशल जनगणना, स्किल सेंसस करायी जाए, जिससे हमें यह पता चल सकेगा कि कहाँ किस क्षेत्र में किस प्रकार के कौशल की आवश्यकता है । युवाओं को केवल नौकरी की तलाश में भागीदार नहीं, बल्कि भविष्य के निर्माण का शिल्पकार बनाने का समय आ गया है । धन्यवाद ।

**14.57 hrs**

*At this stage, Shri Virendra Singh went back to his seat.*

-